पीरियोडिक टेस्ट-3
(पाठ 1 से 15 तक)

समयावधि : .... **पूर्णांक : 20**

नोट – वर्तनी तथा लेखनी पर विशेष ध्यान दीजिए–

(क) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. बाल्यकाल से ही प्रताप को सदा एक ही बात खटकती रहती थी कि भारत-भूमि विदेशियों की दासता की ज़ंजीरों में जकड़ी सिसक रही है।
2. उसके मामा झालोड़ के राय अक्षयराज एक तरह से उसके संरक्षक थे।
3. वे उसका मार्गदर्शन तो करते ही थे उसके अंतर में देश-प्रेम की भावना भी जागृत करते थे।
4. (क) प्रेरित (ख) उत्साहित
5. (क) आज़ादी / मुक्ति

(ख) निर्देशानुसार कीजिए।

1. (क) अप्रसन्न (ख) उजाला
2. (क) हँसी और खुशी (द्वंद्व समास) (ख) राजा की पुत्री (संबंध तत्पुरुष समास)
3. (क) न् + इ + र् + ण् + आ् + य् + अ + क् + अ
   (ख) स् + ऊ + र् + य् + आ + स् + त् + अ
4. (क) आवश्यकता (ता प्रत्यय) (ख) प्रसन्नता (ता प्रत्यय)
5. (क) पुल्लिंग (ख) स्त्रीलिंग

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. लालबहादुर शास्त्री मात्र सोलह वर्ष की अवस्था में पहली बार जेल गए। अंग्रेज़ी सरकार के विरोध में निकल रहे जुलूस में भाग लेने के कारण उन्हें जेल जाना पड़ा।
2. प्रताप का चौड़ा माथा और बड़ी-बड़ी आँखें बचपन से ही इस बात का संकेत दे रही थीं कि आगे चलकर उन्हें एक ओजस्वी और साहसिक जीवन व्यतीत करना है।
3. इस पंक्ति का आशय यह है कि किसी के पास धन से भी अमूल्य वस्तु हो तो उसके समक्ष धन फीका लगने लगता है। धनी लोगों के पास मानसिक शांति नहीं है। वे लोग रोज़ नींद की दवाई खाकर सोते हैं। उनके समान कोई गरीब नहीं है।
4. कवि इस उदाहरण के द्वारा समझाना चाहते हैं कि उत्तम प्रकृति के लोगों पर कुसंगति का प्रभाव नहीं पड़ता। चंदन पर सर्प लिपटे रहने के बावजूद भी चंदन पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता।
5. प्लास्टिक का प्रयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ता रहा है। प्लास्टिक कचरे को जलाया नहीं जाता। जमीन में दब जाने के कारण यह मिट्टी की जल संरक्षण क्षमता पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। प्लास्टिक जनित प्रदूषण ही 'प्लास्टिक प्रदूषण कहलाता है।'

(घ) विद्यार्थी स्वयं करेंगे।

उत्तर के लिए संकेत-बिंदु– 1. पटाखों पर रोक लगाना

2. गाड़ियों का धुआँ कम करना।

3. तेज स्वर में संगीत न सुनना। 4. कचरे के ढेर को नहीं जलाना।

5. पानी में कचरा नहीं फेंकना।